Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding installing solar energy and water recharging system in buildings-laid.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश : वर्तमान समय में शहरों का विकास और शहरों की समस्याएँ दोनों साथ-साथ चलती है । मैं अगर मेरे शहर की बात करूं तो विकास के साथ आने वाली समस्याएँ एक साथ चलती दिखती हैं । हमारे पास प्राकृतिक संसाधन पानी, जमीन जो सालों से वहीं है । भूजल कम हो रहा है और आबादी निरन्तर बढ़ रही है । यातायात जनसंख्या के अनुपात में राक्षसी कद से बढ़ रहा है । हमारे यहाँ हर घर में कम से कम 2 टू-व्हीलर है तो शायद हर पाँचवे घर में साथ में एक फोर व्हीलर भी होगा । उसी प्रकार रहने की व्यवस्था को देखे तो मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूँगी कि उनके मुख्यमंत्री काल से हर परिवार को घर का स्वप्न के चलते उनको करीब 15 साल के कार्यकाल में और प्रधानमंत्री पद के 5 साल के कार्यकाल में लोगों का अपने घर का स्वप्न करीब-करीब पूर्णता की ओर बढ़ता दिखाई देता है । स्मार्टसिटी में सूरत को शामिल करने के बाद विकास की गति तेजी से बढ़ी है पर मेरी विनती है कि शहरों में हर सरकारी, अर्ध-सरकारी इमारत, स्थानिक संस्थाएँ जो संस्थाएँ सरकारी अनुदान से चलती है, स्कूल, कॉलेज, हस्पताल को वॉटर हार्वेस्टिंग एवं सोलर पावर से युक्त होने का अभियान चलाया जाये । हस्पतालों में सोलर पावर अपनाने का आग्रह इसलिए भी करना चाहिए कि उनकी व्यवस्था में व्यवधान न आए और कभी पावर जाने की स्थिति आये तो हादसा टाला जा सके । जो यातायात की समस्या है उसमें पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने का अभियान

चलाया जाये । स्कूल, कॉलेजों में कम्यूनिटी शिक्षा को नागरिक अधिकार एवं जिम्मेदारी की शिक्षा को बढ़ावा दिया जाये ।